**एक नजर में**



## जीतू पटवारी पर हमले के विरोध में मुख्यमंत्री का पुतला फूंका, कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**सेंधवा।** कांग्रेस नेता और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर हमले के खिलाफ किला गेट पर मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। वरिष्ठ नेता सिलदार सोलंकी के नेतृत्व में पुतला दहन हुआ और भाजपा सरकार पर लोकतंत्र कुचलने के आरोप लगाए। कार्यकर्ता किला गेट पर जुटे और मुख्यमंत्री मोहन यादव का पुतला जलाया। विरोध का नेतृत्व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सिलदार सोलंकी ने किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार विपक्ष की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि जीतू पटवारी पर हमला दरअसल लोकतंत्र पर हमला है। नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र की हत्या बंद करो और श्मोहन यादव इस्तीफा दो जैसे नारे लगाए। सिलदार सोलंकी ने कहा कि भाजपा सरकार विपक्ष से डरकर हिंसा का सहारा ले रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब एक वरिष्ठ नेता सुरक्षित नहीं है तो आम जनता की सुरक्षा कौन करेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस्तीफे की मांग की और कहा कि यदि दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस प्रदेशभर में आंदोलन करेगी। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह लड़ाई केवल जीतू पटवारी की सुरक्षा की नहीं बल्कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा की लड़ाई है। कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि जब तक दोषियों को सजा नहीं मिलती तब तक सड़क पर संघर्ष जारी रहेगा।



## भासज्ञाप के लिए तहसील सह संयोजक नियुक्त

**पानसेमल।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा पूरे देश के साथ ही साथ विदेशों में भी आयोजित की जाती है। यह परीक्षा 16 भाषाओं में संपन्न होती है। बड़वानी जिले में पानसेमल तहसील में परीक्षा के व्यापक प्रचार-प्रसार, जागरूकता और क्रियान्वन तथा कार्य को गति मिलने के लिए पानसेमल तहसील में 2 तहसील सहसंयोजकों की नियुक्ति की गई। जिला संयोजक महेंद्र भावसार, वरिष्ठ परिजन गोपाल कृष्ण प्रजापति, बड़वानी जिला सचिव संजय कुमार शिरोड़े, जिला समन्वयक भगीरथ भाभर की अनुशंसा पर पानसेमल तहसील सह संयोजक के रूप में मनोहर सोनवने तथा सचिन सोनवने को नियुक्त किया। नियुक्ति पर सरिता धार्वे, मंशाराम चौहान, प्रकाश शार्दूल, कृष्णकांत चौधरी, राजू सोनिस ने बधाई दी।

## हनुमान चालीसा का सामूहिक संगीतमय पाठ आज

इंदौर. नवरत्न बाग स्थित श्री विजय मारुति हनुमान मन्दिर में मंगलवार रात्रि को 8 बजे महंत मंगलदास महाराज खाकी के सानिध्य में श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक संगीतमय पाठ होगा। मीडिया प्रभारी प्रवीण जोशी ने बताया कि प्रति मंगलवार एवं प्रति शनिवार को आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा वर्ग शामिल होते है। महा आरती के बाद प्रसाद का वितरण होता है। इस कार्यक्रम का मकसद युवाओ को जोड़ना है।

## सिद्ध विजय गणेश का नित्य नूतन श्रृंगार

इंदौर. मरीमाता चौराहा स्थित श्री सिद्ध विजय गणेश मंदिर पर दिनोंदिन भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है. भारी वर्षा हो या रिमझिम, भक्तों के उत्साह पर कोई फर्क नजर नहीं आ रहा. प्रतिदिन रात्रि को 7 बजे बाद से ही मंदिर पर श्रृंगार दर्शन, आरती, अभिषेक एवं प्रसाद के लिए हजारों भक्तों की भीड़ बनी रहती है. सोमवार को भी 25 हजार से अधिक दर्शकों ने सिद्ध विजय गणेश की पूजा-अर्चना की. राज्य के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट, गुप्त काशी स्थित विद्याधाम मंदिर के ब्रह्मचारी आचार्य पं. प्रशांत अग्निहोत्री, भाजपा नेता दीपेन्द्रसिंह सोलंकी आदि ने विधायक गोलू शुक्ला के साथ मंदिर में पूजा-अर्चना की. मंदिर परिसर में चल रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में सोमवार की रात को तेजाजी की कथा सुनने के लिए देर रात तक हजारों श्रोता डटे रहे. उधर प्रतिदिन मंदिर के पुजारी पं. प्रेमनारायण शास्त्री, पं. महेंद्र शर्मा, राजेंद्र शर्मा के निर्देशन में भगवान के नित्य नूतन श्रृंगार का सिलसिला पहले दिन से ही चल रहा है। पं. चिराग तिवारी यहां प्रतिदिन गणेशजी का मनोहारी श्रृंगार कर रहे हैं। आज भी श्रृंगार दर्शन के लिए हजारों भक्तों ने कतारों में लगकर दर्शन किए। महिला एवं पुरूषों के लिए यहां पृथक-पृथक कतारों में दर्शन एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है. सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में बीती रात मथुरा की श्रीमती लक्ष्मी पांडे और उनके साथियों ने अपनी प्रस्तुतियों से हजारों भक्तों को देर रात तक बांधे रखा, जबकि आज की रात तेजाजी की कथा के नाम रही। मंगलवार को भी रात 8 बजे से यहां तेजाजी की कथा होगी तथा सिद्ध विजय गणेशजी का अनूठा मनोहारी श्रृंगार होगा।

## समाजसेवियों का सम्मान किया

इंदौर. अखिल भारतीय दशनाम गोस्वामी समाज की युवा शाखा ने 8 जिलों में प्रदेश पदाधिकारी, और शहर अध्यक्ष सहित अन्य पदों पर पदाधिकारी बनाएं, प्रमाण पत्र वितरित भी किए. विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले 10 से ज्यादा समाजसेवियों का सम्मान किया. युवा शाखा के प्रदेश अध्यक्ष कमल पुरी गोस्वामी ने बताया कि प्रदेश कार्यकारिणी में देवास से सुरेंद्र गिरी प्रदेश उपाध्यक्ष, शिवपुरी से श्री मंगल पुरी प्रदेश उपाध्यक्ष, विनोद गिरि रतलाम जिला अध्यक्ष हरिओम पूरी गुना जिला अध्यक्ष जयराम गिरी खरगोन जिला अध्यक्ष विष्णु गिरी राजगढ़ जिला अध्यक्ष, गोविंद गिरी शिवपुरी जिला अध्यक्ष मुकेश गिरी देवास जिला अध्यक्ष, इंदौर जिले की भी कार्यकारिणी गठित की गई कार्यकारी अध्यक्ष अभिषेक भारती महासचिव नागेश पुरी उपाध्यक्ष पवन भारती मंत्री कुणाल पूरी दीपक वन को नियुक्त किया। प्रमाण पत्र भी वितरित किए. समाज के लिए गौरव करने योग्य कंचन लता गोस्वामी, पुलिस विभाग दिलीप पूरी, पुलिस विभाग ओपी गिरी, चिकित्सा प्रकाश पुरी, चिकित्सा वंदना भारती, प्रोफेसर भागेश गिरी, चिकित्सा रत्नेश पुरी योग, सुधीर भारती राजनीतिक कमल गिरी पत्रकारिता, गोपाल गिरी भागवत कथा, संजय पुरी सामाजिक क्षेत्र में रतलाम श्रीपुरम पुरी कृषकस हरि ओम पुरी राष्ट्रपति पदक शिवपुरी, सहित अन्य समाजसेवियों का सम्मान किया. सभी को समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश गिरी ने सम्मानित किया.

## रांगोली से पंचपरमेष्ठी सैटेलाइट मंडलजी का निर्माण

इंदौर. पर्यूषण पर्व के अंतर्गत धूप दशमी के अवसर पर पंचपरमेष्ठी सैटेलाइट मंडलजी का निर्माण श्री नेमिनाथ नवरंग मंडल के नरेश जैन, सोनल जैन, शुभम जैन, शिखा जैन, संगीता जैन एवं अनुज जैन ने छावनी स्थित अनंतनाथजी जिनालय में किया,.मंडलजी में पंचपरमेष्ठी एवं 16 कारण धर्म द्वारा रत्नत्रय रूपी तरंगे टावर को प्रेषित कर 10 लक्षण रूपी क्षमा, मार्दव, आर्जव, सत्य, शोच संयम, तप, त्याग, आकिंचन्य एवं ब्रह्मचर्य की 10 तरंगे पृथ्वी पर मनुष्य द्वारा प्राप्त कर उनका आलंबन लेकर मोक्ष मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है. अध्यक्ष एम के जैन ने बताया कि मंडलजी का शुभारंभ 2 सितंबर को किया जाएगा एवं श्रद्धालु श्रावक अनंत चतुर्दशी तक अवलोकन कर सकते हैं. मेनरोड वाले मंदिर मे अन्तर और बाहर विशेष विद्युत सज्जा की गयी है.

# सेंधवा शहर में गणेशोत्सव की धूम

### हस्तकला से सजा पंडाल बना सभी के आकर्षक का केंद्र, पर्युषण पर्व के छठे दिन धूमधाम से मनाया धूप दशमी पर्व





**सेंधवा, (नवभारत)।** मुकेश ठक्कर मित्र मंडल द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य रूप से श्री गणेश जी की स्थापना की गई। मंडल ने लगभग एक महीने पहले से पंडाल की तैयारियां शुरू कर दी थी, ताकि आकर्षक और कलात्मक पंडाल तैयार हो सके। गणेश जी की भव्य मूर्ति बुरहानपुर से लाई गई है, जो ज्वाला स्वरूप में सिंहासन पर विराजमान है। 12 फीट ऊंची यह प्रतिमा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

पंडाल को रिपो, कपड़ों और हस्तकला से सजाया गया है, जिससे यह विशेष आकर्षण का विषय बन गया है। लगातार 35 वर्षों से मुकेश ठक्कर मित्र मंडल द्वारा गणेश जन्मोत्सव की स्थापना की जा रही है। मंडल परंपरा अनुसार प्रतिदिन अलग-अलग मंडलों को आरती के लिए आमंत्रित करता है। इसी क्रम में मातृशक्ति महिला मंडल द्वारा भव्य आरती की गई और प्रसादी वितरित की गई। इस अवसर पर अंतिम बाला शर्मा, वर्षा कानूनगो, रेखा मंडलोई, पूजा ठक्कर, रितु शर्मा, अनीता शर्मा सहित मंडल की सभी महिलाएं उपस्थित थी।

भक्तों की बढ़ती भीड़ पंडाल और मूर्ति की सुंदरता को देखकर मंत्रमुग्ध हो रही है। सेवा कार्यों में मंडल के संजय ठक्कर, मिथुन शर्मा, प्रकाश ठक्कर, राकेश ठक्कर, आकाश ठक्कर, पवन ठक्कर, प्रिंस राठौड़, विकास ठक्कर, पीयूष ठक्कर, शुभम वर्मा, करण चौहान, शक्ति ठक्कर और सनी शर्मा लगातार सक्रिय हैं।

### धूमधाम से मना धूप दशमी का पर्व

वहीं दूसरी ओर मैकेनिक नगर स्थित दिगंबर जैन चौत्यालय में पर्युषण पर्व के छठे दिन धूप दशमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। सुबह 8 बजे श्री जी का अभिषेक और शांतिधारा के बाद समाजजनों ने उत्तम संयम धर्म की पूजा और विधान किए। समाज के सचिव सौरभ जैन ने बताया कि सुंगध दशमी पर महिलाएं व्रत रखकर अशुभ कर्मों का क्षय और मोक्ष की प्राप्ति की आराधना करती हैं।

इस अवसर पर सोनम सौरभ जैन ने निर्जल उपवास रखा। वहीं समाज के अन्य लोगों द्वारा एकासन व्रत किया गया। इस अवसर पर सामूहिक धूप खेई के बाद महाआरती व 48 दीपकों से भक्तामर पाठ हुआ, जिसमें पूरे समाज ने सहभागिता की।

**12 फीट ऊंची प्रतिमा**

- श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी है 12 फीट ऊंची प्रतिमा।
- धूप दशमी पर्व पर 48 दीपकों से भक्तामर पाठ हुआ।

# सर्वसम्मति से जितेंद्र जैन बने स्वर संगम के अध्यक्ष

### 1984 में हुई थी संस्था की स्थापना



**बडवानी, (नवभारत)।** शहर की प्रमुख सांस्कृतिक संस्था स्वर संगम की स्थापना 1984 में हुई थी। प्रतिवर्ष रणजीत चौक में भव्य गरबा पांडाल में नौ दिनों तक गरबा प्रस्तुतियां कलाकारों द्वारा दी जाती हैं।

स्वर संगम की स्थापना के मंडल अध्यक्ष बालकृष्ण कुमरावत का स्वर्गवास हो जाने से समिति द्वारा आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से सामाजिक कार्यकर्ता जितेंद्र जैन को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

वहीं कार्यकारी अध्यक्ष सचिन शर्मा, उपाध्यक्ष एड विनोद मुकाती, आनंद कुमरावत, विजय सोलंकी, राहुल अग्रवाल, सचिव संजय मोरे, सह सचिव सचिन सोनी सरगम, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र राठौड़ को बनाया गया है। इसी तरह मंदिर साज-सज्जा एवं पुजन समिति प्रभारी संजय खंडेलवाल, मुख्य संरक्षक गुरमीत सिंह गांधी, सुरेश पटेल, डॉ लखनलाल कुमावत, एचपीएस भाटिया, सुनील पटेल, आनंद हल्दीवाल, राजेश गुप्ता, राम महाजन, अजय खंडेलवाल के मार्गदर्शन में नवरात्रि महोत्सव 2025 का कार्यक्रम संपन्न होगा।

# विशाल भंडारा संपन्न

**निवाली, (नवभारत)।** नगर के समीपस्त ग्राम तलाव में रामदेव बाबा का विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। भंडारे से पूर्व श्रीराम मंदिर से सुबह 10 बजे ध्वज यात्रा निकाली, जो सुभाष मार्किट से होते हुए खेतिया रोड़ से रामदेव बाबा मंदिर पहुंची।

यात्रा में बड़ी संख्या में नगरवासी ध्वज थामे सम्मिलित हुए। रामदेव बाबा मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें हजारों महिला, पुरुष व बच्चों ने प्रसादी ग्रहण की। भंडारे स्थल पर बारिश को देखते हुए वाटर प्रुफ टेंट लगाया गया था। वहीं सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्था में नगर परिषद एवं निवाली पुलिस प्रशासन का वशेष सहयोग रहा।



**एक नजर में** — घुटने चलते-चलते पावं खड़े हो जाते हैं और एक दिन छोटे-छोटे नियम बड़े बन जाते हैं

# मां विकुंदन माता ने धर्मसभा को संबोधित किया

**नवभारत न्यूज़**
**बड़वानी 03 सितम्बर.**

जैन धर्म के पर्व राज पर्युषण के 6ठें दिन भादो शुक्ल दशमी जिसे सुगंध दशमी और उत्तम संयम धर्म के रूप में भी मनाते हैं।

राष्ट्र संत गणाचार्य विराग सागर महाराज की शिष्या श्रमणि विदुषी आर्यिका मां विकुंदन माता ने संयम धर्म पर धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य पांचों इंद्रियों में आसक्त है, तो वह कहा जाएगा विषयों में पड़े हुए मनुष्य को अपने जीवन में संयम रूपी धर्म को और नियम का पालन करना चाहिए, पशु-पक्षी भी रात को नहीं खाते हैं और आप निशाचर होते जा रहे हो।



माताजी ने बताया कि घुटने चलते-चलते पांव खड़े हो जाते हैं और एक दिन छोटे-छोटे नियम बड़े बन जाते हैं। आपको अपना आत्मबल मजबूत करने की आवश्यकता है, आप संयम से नियम लोगे तो एक दिन आप भी सिद्धत्व की प्राप्ति कर लोगे।

मंगलवार सुबह भगवान के अभिषेक शांतिधारा आरती, नित्य नियम, सोलह कारण, शीतल नाथ भगवान, दस लक्षण, उत्तम संयम धर्म का पुजन संपन्न हा। दोपहर में सभी समाजजनों ने बड़वानी के मंदिर, सभी चैत्यालयों, पार्श्वगिरी, बावनगजा के मंदिरों में अपने अष्ट कर्म के दहन करने के लिए धूप चढ़ाई। शाम को मंदिर में भगवान की आरती, राजस्थानी झाले और संयम धर्म पर प्रवचन हुए। उक्त जानकारी मनीष जैन ने दी।

**राज पर्युषण**

जैन धर्म के पर्व राज पर्युषण के 6ठें दिन भादौ शुक्ल दशमी जिसे सुगंध दशमी और उत्तम संयम धर्म के रूप में भी मनाते हैं।

# एमवाय अस्पताल में लापरवाही चूहों ने नवजातों को बनाया शिकार

- दो दिन में दो मासूमों के हाथ कुतरे
- प्रबंधन अब पेस्ट कंट्रोल कराने में जुटा

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. प्रदेश के सबसे बड़े शासकीय एमवाय अस्पताल में फिर बड़ी लापरवाही सामने आई है. नवजात शिशु वार्ड में चूहों ने दो मासूमों के हाथ कुतर दिए. घटनाएं लगातार दो दिन में हुई. रविवार को पहले एक बच्चे को चूहे ने काटा तो सोमवार को फिर दूसरे नवजात को निशाना बनाया गया. इस पर स्टाफ ने सीनियर डॉक्टरों को सूचना दी, जिसके बाद अस्पताल प्रबंधन में हड़कंप मच गया.**

दोनों बच्चों को जन्म के तुरंत बाद नवजात यूनिट में भर्ती किया गया था. रविवार को जब पहली बार एक शिशु को चूहा कुतर गया, तब डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू कर दिया था. लेकिन अगले ही दिन दूसरी घटना के बाद मामला गंभीर हो गया. बताया जाता है कि यूनिट और अस्पताल परिसर में चूहों की भरमार है. यहां तक कि स्टाफ भी एक बड़े चूहे की मौजूदगी से सहम जाता है. वरिष्ठ डॉक्टरों ने पुष्टि की है कि दोनों बच्चों का इलाज चल रहा है और विशेष निगरानी रखी जा रही है. वहीं विभागाध्यक्ष डॉ. बृजेश लाहोटी ने माना कि अस्पताल में चूहों की समस्या बढ़ गई है. उन्होंने स्टाफ को अतिरिक्त सतर्कता बरतने और यूनिट में चूहों की आवाजाही रोकने के निर्देश दिए हैं.



**परिजन ला रहे खाद्य सामग्री**

वहीं अस्पताल अधीक्षक डॉ. अशोक यादव का कहना है कि मरीजों के परिजन खाने-पीने की सामग्री लेकर वार्ड तक पहुंच जाते हैं, जिससे चूहों की संख्या तेजी से बढ़ी है. उन्होंने कहा कि पांच साल पहले यहां पेस्ट कंट्रोल किया गया था, लेकिन उसके बाद स्थिति बिगड़ गई है. अब बड़े स्तर पर पेस्ट कंट्रोल और सफाई अभियान चलाया जाएगा. फिलहाल, परिजनों को घटना की जानकारी नहीं दी गई है ताकि घबराहट का माहौल न बने. हालांकि, अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि सभी नवजातों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है और सुरक्षा इंतजाम सख्त किए जा रहे हैं.

# पेट्रोल पंप लूटने की बना रहे थे योजना

- डकैती की योजना बनाते 5 बदमाश गिरफ्तार
- कनाडिया पुलिस ने पकड़ा गिरोह, 14 लाख का माल बरामद

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. कनाडिया पुलिस ने देर रात बड़ी सफलता हासिल करते हुए डकैती की योजना बना रहे पांच लिस्टेड बदमाशों को धर दबोचा, आरोपियों से करीब 14 लाख रुपए का चोरी का माल और वारदात में प्रयुक्त औजार जब्त किए गए हैं. पकड़े गए बदमाशों ने पूछताछ में चार नकबजनी की घटनाओं को कबूल किया है.**

एडीशनल डीसीपी अमरेन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एलएनसीटी कॉलेज के पास निर्माणाधीन बायपास ब्रिज पर कुछ बदमाश हथियार लेकर पेट्रोल पंप लूटने की योजना बना रहे हैं. इस पर थाना प्रभारी डॉ. सहर्ष यादव ने टीम गठित कर घेराबंदी की और पांचों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया. सख्ती से पूछताछ में आरोपियों ने कनाडिया थाना क्षेत्र की चार नकबजनी की वारदातों को अंजाम देने की बात स्वीकारी. आरोपी सुनसान कॉलोनियों और बंद मकानों की रैकी कर ताले तोड़ते थे और सफाई से वारदात को अंजाम देते थे. गिरफ्तार बदमाशों में शाहरुख पिता हनीफ शाह निवासी बगिया कॉलोनी जूनी इंदौर, गुलाम पिता इसाक पटेल निवासी राजीव नगर बडला खजराना, अकरम उर्फ चिना पिता मुन्ना खान निवासी ताज नगर खजराना, सोहेल पिता शाकिर अंसारी निवासी विजय पैलेस जूनी इंदौर और सलमान उर्फ मॉडल पिता सलीम खान निवासी इलयास कॉलोनी खजराना शामिल हैं. गिरफ्तारी और माल बरामदगी की कार्रवाई में थाना प्रभारी डॉ. सहर्ष यादव, उपनिरीक्षक सचिन आर्य, दीपक पालिया, दिलीप बगडावद समेत साइबर सेल जोन-2 की टीम की अहम भूमिका रही.



**यह सामग्र की जब्त**

आरोपियों से 2 सोने की चैन, 1 सोने का नेकलेस सेट, 4 अंगूठियां, 3 पेंडेंट, 1 सोने का कड़ा, 4 जोड टॉप्स, चांदी की पायलें, अंगूठियां, बिछुए, एक मोबाइल, 40 हजार रुपए नकद, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के अलावा औजार टॉमी, पेचकस, छैनी, मिर्च पाउडर बरामद किए गए. जब्त माल की कीमत करीब 14 लाख रुपए आंकी गई है.

# कपड़े सुखाने गई छात्रा दूसरी मंजिल से गिरी, मौत

**इंदौर. संविद नगर में रविवार को हुए एक दर्दनाक हादसे में फर्स्ट ईयर की छात्रा की मौत हो गई. घर की दूसरी मंजिल की बालकनी में कपड़े सुखाने गई छात्रा पैर फिसलने से नीचे गिर गई. गंभीर रूप से घायल युवती को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया.**

तिलक नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली मृतका खुशी बंसल पिता बनवारी बंसल है. दोपहर करीब एक बजे वह घर की दूसरी मंजिल पर कपड़े सुखाने गई थी. इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह असंतुलित होकर नीचे गिर गई. परिवार और पड़ोसी तुरंत उसे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. खुशी के भाई राजू ने बताया कि उनका परिवार उक्त मकान की दूसरी मंजिल पर किराए से रहता है. हादसे के समय घर के सभी सदस्य मौजूद थे. इसी तरह एक अन्य युवक की संदिग्ध मौत का मामला भी सामने आया है. लसूड़िया पुलिस के अनुसार 35 वर्षीय गंगराती पिता करारसिंह, निवासी निरंजनपुर का शव एमवाय अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए लाया गया. प्राथमिक जांच में सामने आया है कि मृतक शराब का आदी था, पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

# स्ट्राइकर क्लब के बाहर खूनी संघर्ष

- पांच बदमाशों को किया गिरफ्तार

**इंदौर.** पुरानी रंजिश को लेकर स्ट्राइकर क्लब के बाहर रविवार रात बदमाशों ने एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया था. वारदात में फरियादी गोविंदा भाटी निवासी अलीराजपुर गंभीर रूप से घायल हो गया. पुलिस ने घटना के बाद तत्काल कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को दबोच लिया है, जबकि उनके कुछ साथी अब भी फरार बताए जा रहे हैं.

घटना शनिवार रात करीब 11.50 बजे की है. घायल गोविंदा ने पुलिस को बताया कि वह स्ट्राइकर क्लब के पास खड़ा था, तभी प्रशांत डुडवे, शिवम डुडबे, प्रियम गुप्ता, लक्की डावर व अन्य साथी वहां पहुंचे और पिछले साल अलीराजपुर में गरबे के दौरान हुए झगड़े की रंजिश को लेकर हमला बोल दिया. आरोपियों ने चाकू, बेल्ट और डंडों से मारपीट की तथा गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी. लसूड़िया पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की जांच के दौरान पुलिस ने कृतिश सोलंकी, प्रशांत डुडवे, प्रियम गुप्ता, प्रतीक नरवरे और लक्की डाबर को गिरफ्तार कर लिया. इनके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की. थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ जारी है और घटना में शामिल उनके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है.

